## लाइसेंसी हथियारों को 'दो नंबर' में बदलने का खेल, फरार बाबा ईसाई, प्रिंस नेल्सन और अर्पित कुशवाहा पर शिकंजा, मीडिया कनेक्शन और विवादित प्रॉपर्टी सौदों की भी जांच

**जमीन, साजिश और 'गन नेटवर्क**

# रांझी हत्याकांड में बाबा, जैकब के साथ रज्जाक कनेक्शन गहराया

हरिभूमि, जबलपुर।

*रांझी के बड़ा पत्थर नरसिंहनगर में हुए क्लीरेंस एटकिंस हत्याकांड की जांच अब कई परतें खोल रही है। शुरुआती तौर पर जमीनी विवाद से जुड़ी इस वारदात ने अब कथित हथियार तस्करी नेटवर्क, पुराने आपराधिक गठजोड़ और विवादित प्रॉपर्टी सौदों तक अपनी पहुंच दिखानी शुरू कर दी है। पुलिस के रडार पर मुख्य साजिशकर्ता विकास नेल्सन उर्फ "बाबा ईसाई" उसका बेटा प्रिंस नेल्सन और साथी अर्पित कुशवाहा हैं, जो फिलहाल फरार हैं।*



विकास नेल्सन उर्फ बाबा ईसाई



प्रिंस नेल्सन

हरिभूमि फॉलोअप



ठेकेदार की हत्या के पीछे पुराना जमीनी विवाद, फरार मुख्य आरोपी 'बाबा ईसाई' पर हथियार सप्लाई के आरोप, रज्जाक पहलवान कनेक्शन से जांच तेज

जमीन, साजिश और गोली

रांझी हत्याकांड में हथियार तस्करी नेटवर्क की एंट्री!

### कटनी का जैकब और 'दो नंबर' हथियारों का खेल

जांच में कटनी के कुख्यात जैकब की भूमिका भी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक वह दमोह, कटनी, नरसिंहपुर और मंडला जैसे जिलों में जारी वैध हथियार के लायसेंस नंबर के नंबर में हेरफेर कर उन्हें अवैध रूप में परिवर्तित कर देता था। इसके बाद यह हथियार बदमाशों तक पहुंचाए जाते थे। आशंका जताई जा रही है कि रांझी हत्याकांड में इस्तेमाल हथियार भी इसी नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं।

### रज्जाक पहलवान कनेक्शन फिर चर्चा में

जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक उर्फ रज्जाक पहलवान से जुड़े पुराने प्रकरण भी फिर से सुर्खियों में हैं। सूत्र बताते हैं कि रज्जाक के ठिकाने से पूर्व में बरामद हथियारों की सप्लाई भी बाबा और जैकब के नेटवर्क के जरिए हुई थी। बताया जा रहा है कि बाबा वर्ष 2000 से ही इस गैंग से जुड़ा हुआ है और पुलिस पुराने रिकॉर्ड खंगाल रही है।

### अक्कू हत्याकांड की कड़ी भी खंगाल रही पुलिस

वर्ष 2003 के बहुचर्चित अक्कू हत्याकांड में भी बाबा ईसाई द्वारा हथियार सप्लाई की चर्चाएं सामने आई थीं। हालांकि उस समय इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई थी, लेकिन अब जांच एजेंसियां उस कड़ी को भी फिर से जोड़ने में जुटी हैं।

### क्राइम ब्रांच की रडार पर पहले से था बाबा

रांझी हत्याकांड से पहले ही जबलपुर क्राइम ब्रांच बाबा ईसाई की तलाश कर रही थी। मंडला में हुई गोलीबारी की एक घटना में भी उसका नाम सामने आया था, जिसमें वह गुड्डू नैयर के साथ मंडला जेल पहुंच चुका है।

### मीडिया कनेक्शन और विवादित प्रॉपर्टी पर भी नजर

जांच के दौरान एक और संवेदनशील पहलू सामने आया है। सूत्रों के अनुसार बाबा ईसाई के एक नामी मीडिया हाउस से जुड़े व्यक्ति से करीबी संबंध होने की चर्चा है। साथ ही, विवादित संपत्तियों की खरीद-फरोख्त और कब्जे के मामलों में भी उसका नाम बार-बार सामने आता रहा है। हालांकि पुलिस ने इन बिंदुओं की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन इन पहलुओं को भी गंभीरता से जांच के दायरे में रखा गया है।

### कई जिलों में दर्ज हैं आपराधिक प्रकरण

बाबा ईसाई पर जबलपुर, मंडला और नरसिंहपुर समेत कई जिलों में प्रॉपर्टी कब्जाने, धमकाने और अन्य आपराधिक गतिविधियों के मामले दर्ज हैं। पुलिस अब इन सभी मामलों को जोड़कर उसके पूरे नेटवर्क की परतें खोलने में जुटी है।

### फरार आरोपियों की तलाश में दबिश जारी

मुख्य आरोपी बाबा ईसाई, उसका बेटा प्रिंस नेल्सन और अर्पित कुशवाहा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र के आधार पर उनकी लोकेशन ट्रेस की जा रही है।

### गिरफ्तारी के बाद होंगे बड़े खुलासे

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में कई अहम इनपुट मिले हैं। जैसे ही फरार आरोपियों की गिरफ्तारी होगी, हथियार तस्करी, पुराने आपराधिक गठजोड़ और प्रॉपर्टी विवादों से जुड़े कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आ सकते हैं।

## 30 अप्रैल के बाद भी जारी रहेगी स्लॉट की बुकिंग

**जबलपुर।** समर्थन मूल्य पर जिले में अभी तक समर्थन मूल्य पर 1 हजार 387 किसानों से 46 हजार 951 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों से समर्थन मूल्य गेहूँ खरीदी का कार्य जिले में 15 अप्रैल से प्रारंभ हुआ था और अभी तक 16 हजार 691 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किये जा चुके हैं। प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक सीमा बौरसिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार फिलहाल किसानों से गेहूँ का उपार्जन 60 खरीदी केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है। जल्दी ही दस और खरीदी केंद्रों की स्थापना की जायेगी। पिछले वर्ष गेहूँ उपार्जन के लिये 70 खरीदी केंद्र जिले में स्थापित किये गये थे। प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ का विक्रय करने जिले में 50 हजार 788 किसानों द्वारा अपना पंजीयन कराया गया है। इनमें से 32.86 प्रतिशत किसान स्लॉट बुक भी करा चुके हैं। उन्होंने बताया कि उपार्जन के प्रारंभिक चरण में केवल 2 हेक्टेयर एवं उससे कम कृषि भूमिधारित करने वाले छोटे कृषकों के स्लॉट बुकिंग का प्रावधान किया गया है। प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक के अनुसार प्रत्येक खरीदी केंद्र की स्लॉट बुकिंग की क्षमता भी बढ़ा दी गई है। प्रत्येक केंद्र पर अब प्रतिदिन 2 हजार 250 क्विंटल की क्षमता नियत कर दी गई है, ताकि अधिक से अधिक छोटे किसानों के स्लॉ्ट बुक हो सके। छोटे किसानों की स्लॉट बुकिंग पूर्ण होने पर शीघ्र ही मध्यम एवं बड़े किसानों के भी स्लॉट बुकिंग पोर्टल पर चालू हो जाएंगे। प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक के मुताबिक स्लॉट की बुकिंग 30 अप्रैल के बाद भी जारी रहेगी।

**109 चालान, 13 ड्रंक एंड ड्राइव केस**

# सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए यातायात पुलिस ने चलाया अभियान

हरिभूमि, जबलपुर।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों के पालन को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से जबलपुर पुलिस ने विशेष अभियान की शुरुआत की है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर 26 अप्रैल से 10 मई तक चलने वाले इस अभियान के तहत हेलमेट न पहनने और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देशानुसार पीओएस मशीन के माध्यम से चालानी कार्रवाई तेज की गई है, साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन के लिए सीधे परिवहन विभाग को प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थानों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है।

एएसपी यातायात अंजना तिवारी के निर्देशन में जसूजा सिटी, महाराजपुर फॉरेस्ट नाका और पाटन बायपास जैसे प्रमुख स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान हेलमेट नहीं पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 109 वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 129/194(घ) के तहत चालान किए गए, जिनसे 32,700 रुपये का समन शुल्क वसूला गया। वहीं 19 चालकों के लाइसेंस निलंबन हेतु पीओएस मशीन के माध्यम से परिवहन विभाग को भेजे गए। अभियान के तहत शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर भी शिकंजा कसा गया। ब्रीथ एनालाइजर से जांच कर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत शहर में 11 प्रकरण बनाए गए, जबकि एनएचएआई टीम के साथ बरगी टोल प्लाजा पर भारी वाहन चालकों के खिलाफ विशेष कार्रवाई में 2 मामले दर्ज किए गए। इस तरह कुल 13 प्रकरण न्यायालय में पेश किए जाएंगे। जागरूकता के तहत छोटी लाइन फाटक पर अनाउंसमेंट कर लोगों को हेलमेट पहनने और नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। पुलिस कप्तान ने नागरिकों से अपील की है कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें और दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। अभियान लगातार जारी रहेगा।



**कांबिंग गश्त में बड़ी कार्रवाई, देर रात तक चला अभियान**

# 263 वारंट तामील, वर्षों से फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले में अपराधों की रोकथाम और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देशन में चलाए गए विशेष कांबिंग गस्त अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 25 अप्रैल की रात 9 बजे से 26 अप्रैल की तड़के 2 बजे तक चले इस अभियान में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर कार्रवाई करते हुए कुल 263 वारंट तामील किए गए। अभियान का नेतृत्व एएसपी शहर आयुष गुप्ता, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा एवं एएसपी यातायात अंजना तिवारी सहित समस्त नगर पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी और थाना प्रभारियों द्वारा किया गया। जिले भर में अलग-अलग टीमें गठित कर फरार आरोपियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए सघन दबिश दी गई।



### घर में सो रहे थे चैन की नींद

कांबिंग गश्त के दौरान 131 गैर म्यादी वारंट, 77 गिरफ्तारी वारंट और 55 जमानती वारंट तामील किए गए। इनमें कई ऐसे आरोपी शामिल हैं जो वर्षों से फरार चल रहे थे और लगातार पुलिस से बचते फिर रहे थे। कार्यवाही के दौरान कई वारंटी घर पर चैन की नींद सोते मिले जिन्हें पुलिस ने दबोच लिया। सभी गिरफ्तार आरोपियों को नियमानुसार माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### सड़कों पर घूमने वालों से पूछताछ

इसके अलावा पुलिस टीमों ने सक्रिय गुंडे-बदमाशों की निगरानी करते हुए देर रात घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मुसाफिरखानों में भी सघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई। वाहनों की जांच कर नियमों का पालन सुनिश्चित कराया गया।

### निरंतर जारी रहेगा अभियान

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने कहा कि यह कार्रवाई अपराधियों के खिलाफ जारी सख्त अभियान का हिस्सा है। उनका उद्देश्य जिले में सुरक्षा का माहौल मजबूत करना और कानून का प्रभावी पालन सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह की सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि अपराध और अपराधियों पर पूरी तरह नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

**बार संचालक और कर्मचारियों की जमकर पिटाई**

# पिछले दरवाजे से खुले बियर बार में पथराव

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत बलदेवबाग चौराहे के पास स्थित एक बीयर बार में शनिवार की देर रात अचानक उपद्रव हो गया. दरअसल कुछ स्थानीय लोगों ने देर रात तक खुले रहने वाले से होने वाली परेशानी से त्रस्त होकर बीयर बार में पथराव कर दिया. उसके बाद हुई कहा सुनी मारपीट में तब्दील हो गई. आरोप है कि पिछले दरवाजे से बीयर बार देर रात तक चालू रहता है जिससे वहां के रहवासियों को शराबियों से परेशानी होती है. यही वजह विवाद का मुख्य कारण बताई जा रही है. बहर हाल घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रात 10 बजे के लगभग बार के पिछले हिस्से में अचानक पत्थरों की बारिश होने लगी. उसके बाद बार संचालकर प्रशांत उर्फ मोनू राय ने अपने दो कर्मचारियों सुरेश जायसवाल और रूपेश कोरी को देखने के लिये भेजा. बार के कर्मचारी विकास उर्फ रिंकू ग्रोवर के पहुंच गये और पत्थराव के संबंध में उससे विवाद करने लगे. इसके बाद मामला मारपीट में बदल गया. आरोप है कि रिंकू और उसके साथी अमित द्विवेदी ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ता देख कर्मचारी अपनी एक्टिवा वहीं छोड़कर जान बचाकर भागे। इसके बाद जब संचालक प्रशांत राय अपने अन्य साथियों के साथ बातचीत के जरिए मामला सुलझाने पहुंचे, तो आरोपियों ने उन पर हमला बोल दिया। रिंकू ग्रोवर और अमित द्विवेदी ने संचालक को घेरकर मारपीट शुरू की। इसी बीच रिंकू ने लोहे की रॉड से कर्मचारी रूपेश कोरी के पैर पर जोरदार प्रहार किया, जिससे उसे गंभीर चोट आई। शोर सुनकर रिंकू के चाचा विनोद ग्रोवर भी वहां आ गए और तीनों ने मिलकर बार कर्मचारियों की पिटाइ कर दी. कोतवाली पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

**पनागर इमलई फैक्ट्री में वारदात आरोपी गिरफ्तार**

# आपसी विवाद में चाकू से युवक की हत्या

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत जुपीटर बैग्स फैक्ट्री इमलई में गत 23 अप्रैल की रात चाकू मारकर एक युवक की हत्या कर दी गई. पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस के मुताबिक मृतक और आरोपी के बीच शराब के नशे में आपसी विवाद हुआ इस दौरान सब्जी काटने वाली चाकू से गर्दन में किये गये वार से नस कटने पर युवक की मेडिकल कालेज में मौत हो गई. घटना के संबंध मे पनागर थाना प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि गत 23 अप्रैल की रात 10 बजे पनागर इमलई स्थित वैंगस फैक्ट्री के एडम ब्लॉक में काम करने वाले सोमनाथ और आदित्य पासवान के बीच आपसी विवाद हुआ इस दौरान आदित्य ने सब्जी काटने वाली चाकू से उसकी गर्दन पर वार कर दिया. जिससे उसकी गले की नस कट गई. सुरक्षा गार्ड धीरज यादव को सूचना मिली उसने अपने इंचार्ज अरविंद कुर्मी को घटना की जानकारी दी और तत्काल एम्बूलेंस भिजवाई. एम्बूलेंस से उसे पनागर अस्पताल ले जाया गया. अस्पताल मे सोमनाथ को पलंग मे लेटाकर पट्टी लगाये थे जो सोमनाथ अपनी पट्टी निकाल लिया था कुछ देर बाद पनागर अस्पताल के पलंग से सोमनाथ गिर गया तो गले के पास से खून निकलने लगा जिसे डक्टर ने मेडीकल कालेज के लिये रैफर कर दिये तो उसी एम्बुलेंस से सोमनाथ को मेडीकल कालेज जबलपुर ले गये जहॉ रात्रि करीबन 11.30 बजे मेडीकल कालेज के डक्टर ने सोमनाथ चिटी पिता वनामाली चिटी निवासी नीलकन्हैया पुरवा जिला मिदनीपुर पश्चिम बंगाल को मृत घोषित कर दिया है । सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया. इस बीच मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह पाया गया कि शार्प पेनिट्रेटिंग आब्जेक्ट से गले की नस कटने के कारण उसकी मौत हुई। घटना के साक्षियों के कथन और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपी बिहार निवासी आदित्य कुमार पासवान के खिलाफ धारा 103 (1) के तहत प्रकरण दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.

**जबलपुर के पर्यटन उद्योग पर मंडराया खतरा**

# बाघों की मौत: कान्हा-बांधवगढ़ में बिगड़ता प्रबंधन

**जबलपुर।** टाइगर स्टेट कहलाने वाले मध्य प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघों की लगातार हो रही मौत अब सिर्फ वन्यजीव संरक्षण का मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि इसका असर सीधे तौर पर जबलपुर के पर्यटन पर भी पड़ने लगा है। हाल ही में अमाही बाघिन (टी-141) के तीसरे शावक की मौत ने हालात की गंभीरता को और बढ़ा दिया है। इससे पहले 21 और 24 अप्रैल को भी इसी बाघिन के दो शावकों की मौत हो चुकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि दो शावकों के पेट खाली थे, जिससे भूख से मौत की आशंका जताई जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि जिस तरह से कान्हा टाइगर रिजर्व और बांधवगढ़ नेशनल पार्क में प्रबंधन संबंधी समस्याएं सामने आ रही हैं, उसका सीधा नुकसान जबलपुर को झेलना पड़ सकता है।

### जबलपुर: पर्यटन का चेक-इन प्वाइंट



जबलपुर, कान्हा और बांधवगढ़ जाने वाले पर्यटकों के लिए एक प्रमुख ट्रांजिट सिटी है। देश-विदेश से आने वाले अधिकांश पर्यटक पहले जबलपुर पहुंचते हैं और यहां रुककर आगे नेशनल पार्क्स की ओर जाते हैं। इस वजह से शहर के होटल, ट्रैवल एजेंसी, टैक्सी और स्थानीय कारोबार को सीधा लाभ मिलता है। यदि नेशनल पार्क्स में बाघों की संख्या कम होती है या लगातार नकारात्मक खबरें आती हैं, तो पर्यटकों की संख्या में गिरावट आ सकती है। इसका असर जबलपुर के होटल व्यवसाय, रेस्टोरेंट और टूरिज्म इंडस्ट्री पर पड़ेगा।

### एक महीने में चौथी मौत

कान्हा में इस महीने यह चौथी बाघ से जुड़ी घटना है। 5 अप्रैल को टी-122 नाम की मादा बाघ की मौत हुई थी, जबकि 21 और 24 अप्रैल को दो शावकों की जान गई। 24 अप्रैल को बालाघाट के बैहर क्षेत्र में भी एक बाघ मृत मिला था। पिछले 8 महीनों में कान्हा में 10 बाघ और 5 तेंदुओं की मौत हो चुकी है, जो प्रबंधन और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

### बाघिन और बचे शावक पर भी खतरा

अमाही बाघिन की हालत भी कमजोर बताई जा रही है। ऐसे में उसके बचे हुए एक शावक की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। वन विभाग ने शवों को स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ भेजकर जांच शुरू कर दी है।

### पर्यटन विशेषज्ञों की चिंता

स्थानीय पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि अगर यही स्थिति बनी रही, तो जबलपुर आने वाले पर्यटकों की संख्या में गिरावट तय है। नेशनल पार्क्स यहां के पर्यटन की "रीढ़" हैं, और उनकी छवि खराब होने से पूरा इकोसिस्टम प्रभावित होगा।

### जरूरी है मजबूत प्रबंधन

विशेषज्ञों का मानना है कि नेशनल पार्क्स में बेहतर प्रबंधन, भोजन की उपलब्धता, सुरक्षा और मॉनिटरिंग सिस्टम को मजबूत करना बेहद जरूरी है। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो इसका नुकसान सिर्फ वन्यजीवों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जबलपुर की अर्थव्यवस्था पर भी गहरा असर पड़ेगा।

## तहसील कार्यालय में बैठक आयोजित

# किसानों की समस्या का तत्काल होगा निराकरण : परस्ते



**सिहोरा।** तहसील कार्यालय के सभागार में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती ज्योती परस्ते की अध्यक्षता में किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रमेश पटेल के नेतृत्व में किसानों की बैठक का आयोजन किया गया इसमें किसानों ने खेतों की बिजली खाद,उपार्जन को लेकर हो रही दिक्कत से अधिकारी को अवगत कराया बैठक में विधुत, कृषि उपार्जन से संबंधित अधिकारियों ने किसानों की समस्या सुनने के बाद त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया.

### झूलती विद्युत लाइन का खामियाजा उठा रहा किसान

बैठक में सर्वाधिक आक्रोश किसानों ने विधुत वितरण व्यवस्था के प्रति व्यक्ति करते हुऐ कहा कि घोषित के साथ की जाने वाली अघोषित विधुत कटौती के चलते किसानों को आठ घण्टे भी बिजली नहीं मिल पा रही है मेंटेनेंस के नाम पर विभाग केवल पेड़ों की डालियां वो भी किसानों की मदद से काटकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेता है जबकी झूलती विद्युत लाइनों का रखरखाव न किये जाने से किसानों को गुणवत्तायुक्त विद्युत तो प्राप्त हो ही नहीं रही साथ ही झूलती लाईन दुर्घटना को अंजाम दे रही है इसी प्रकार ओवर लोड टांसफार्मर का भी विभाग द्वारा कोई निराकरण नहीं किया जा रहा।किसानों की समस्या का शीघ निराकरण का आश्वाशन अधिकारियों द्वारा दिया गया।

### खाद के संकट से कब मिलेगी निजात

राजस्व एंव कृषि विभाग के पास बोनी के रकवे के साथ किसानों की सारी जानकारी उपलब्ध होने के वावजूद प्रतिवर्ष किसानों को खाद के संकट से जुझना पड़ता है जबकि प्रशासन चाह ले तो पहले से खाद की व्यवस्था कर सकता है किसानों की समस्या का निराकरण करते हुऐ वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एस राठौर ने बताया की वर्तमान में शासन द्वारा प्रति एकड़ एक बोरी डीएपी तथा दो बोरी यूरिया का प्रावधान रखा है इसके साथ ही एक माह में एक किसान को अधिकतम पचास बेग वितरण का प्रावधान रखा है आगे भी शाशन से प्राप्त निर्देशों के तहत किसानो की समस्या का निराकरण किया जायेगा।

### गेहूं उपार्जन बने लूट का जरिया

किसानों की आय बढ़ाने वाली गई उपार्जन निति लूट का जरिया बन गई है। गेहूं उपार्जन केन्द्रों में अधिक तौल के साथ गिनती पल्लेदारी के पैसे किसानो को पल्ले से जा रहे हैं।बडे किसानों के स्लाट बुकिंग बिलिंग में सर्वर की गंभीर समस्या से किसानों को जुझना पड़ रहा है।कनिष्ठ आपूर्ती अधिकारी ने बताया की सिहोरा मझौली में 10 तथा सिहोरा में 11 उपार्जन केंद्र बनाये गये है।सर्वर की समस्या के कारण स्लाट बुकिंग एंव बिलिंग की समस्या आ रही है शनिवार की शाम सात बजे से दो हैक्टेयर से बडे किसानों की भी स्लाट बुकिंग चालू हो गई है तौल में कटौती और अवैध वसूली के आरोप लगाते हुए किसानों ने आक्रोश व्यक्त किया।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में किसान विनय पटेल,अनिल पटेल, चंद्रजीत पटेल,सुरेंद्र पटेल,जितेंद्र पटेल,लक्ष्मी पटेल,ओम प्रकाश पटेल,वीरेंद्र पटेल और श्याम यादव,बंटी ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक सहायता शिविर आयोजित

**सिहोरा-** उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के निर्देशापालन में न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमान श्यामसुंदर झा,पैनल लॉयर एवं पैरालीगल वॉलंटियर्स की उपस्थिति में विधिक सहायता शिविर एवं विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मेडिकल कॉलेज के आठ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम,जेल चिकित्सक डॉ आर.पी.त्रिपाठी एवं सिविल अस्पताल सिहोरा की लेब टेक्नीशियन टीम द्वारा जेल में निरुद्ध समस्त 93 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार प्रदान किया गया एवं एचआईवी, सिफलिस व टीबी की जांच की गई उक्त शिविर में कोई भी बंदी किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित नहीं पाया गया। जेलर दिलीप नायक ने विधिक सेवा समिति,न्यायाधीश एंव चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।

## सिहोरा में संघ के शताब्दी वर्ष पर प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित

**सिहोरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा सिहोरा नगर में एक प्रमुख जनगोष्ठी का आयोजन किया गया जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के प्रमुख आयोजनों का एक महत्वपूर्ण भाग था। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए बुद्धिजीवियों में सिहोरा नगर के विभिन्न चिकित्सकों, इंजीनियरों,अधिवक्ता शिक्षकों एवं अन्य प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति ने इस आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। कार्यक्रम में वर्तमान में कृषि भाग,जबलपुर के भाग संघचालक अनिल गुप्ता ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्षों के गौरवशाली इतिहास पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने संघ के प्रथम सर संघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के राष्ट्र के प्रति अद्वितीय समर्पण पर प्रकाश डाला तथा द्वितीय सरसंघचालक गुरुजी (माधव सदाशिवराव गोलवलकर) के योगदान एवं परिश्रमों के विषय में विस्तार से बताया।

# डॉक्टर विहीन हुआ सरकारी अस्पताल स्टाफ नर्स के भरोसे चल रही ओपीडी

**बरेला।** नगर का एक मात्र शासकीय अस्पताल वर्तमान में भगवान भरोसे चल रहा है यहां पर पदस्थ महिला डॉक्टर का एक महीने पहलेपोस्ट ग्रेजुएट मैं चयन हो जाने के कारण. भोपाल तबादला हो गया है इसके कारण वर्तमान में शासकीय अस्पताल डॉक्टर विहीन हो गया है जिसके कारण मरीजों को इलाज के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है।

पहले गया मुख्यालय और अब डॉक्टर भी नसीब नहीं- नगर की स्वास्थ्य सेवाएं दिन पर दिन बदतर होती जा रही हैं यहां पर पहले बीएमओ का मुख्यालय था किंतु 3 साल पूर्व. यह मुख्यालय भी बरगी चला गयाऔर वर्तमान में डॉक्टर के चले जाने के कारण अब गरीब आदमी को इलाज के लिए. जिला चिकित्सालय की ओर रुख करना पड़ रहा है.

**रिक्त पड़े हैं अनेक पद**—सरकारी अस्पताल में महिला डॉक्टर, पुरूष डॉक्टर, एक वार्ड बॉय,ड्रेसर,और टेकनीशियन के पद खाली पड़े हैं।

**सी एच ओ औरहोम्योपैथिक डॉक्टर के भरोसे चल रही ओपीडी-** वर्तमान में सरकारी अस्पताल में पदस्थ होम्योपैथिक चिकित्सक बुधवार और शुक्रवार को ओ पी डी देखती हैं और बाकी दिनों में स्टाफ नर्स के भरोसे यहां की ओपीडी चल रही है।अपने परिचित का इलाज कराने आए सहयोगी का कहना है किशासकीय अस्पताल में वर्तमान में कोई भी डॉक्टर नहीं है।मजबूरी वश इलाज कराने प्राइवेट चिकित्सक की ओर जाना पड़ रहा है।

**एम एल सी के लिए भी होना पड़ रहा परेशान-** लड़ाई झगड़े में पुलिस केस दर्ज करने पर घायलों की एम एल सी के लिए पुलिस विभाग भी डॉक्टर न होने के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चक्कर लगाने विवश है।

**उच्च अधिकारियों को नहीं है अस्पताल की चिंता-** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 80 गांव आते हैं. यहां की गरीब आबादी. इलाज के लिए केवल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही निर्भर है. डॉक्टर को गए हुए लगभग एक महीने से ज्यादा होने जा रहे हैं. किंतु इसके बावजूद भी बीएमओ और सीएमएचओ द्वारा इस अस्पताल में अभी तक कोई भी स्थायी डॉक्टर की व्यवस्था नहीं की गई है. बीएमओ और सीएमएचओ द्वारा डॉक्टर को रिलीव करने के पहले. यहां पर डॉक्टर की व्यवस्था करनी चाहिए थी. किंतु उच्च अधिकारियों को भी जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है. यही कारण है कि आज तक यहां पर डॉक्टर की व्यवस्था नहीं की गई है।

## पहाड़ी खेड़ा में गहराया जल संकट 5 दिन में एक बार मिल रहा पानी

**बरेला।** गर्मी आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट अपना पैर पसारने लगता है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की हाहाकार मचा हुआ है । शासन द्वारा करोड़ों रुपए की नल जल योजनाएं शो पीस बनी हुई है जिसकी वजह से ग्रामीणों को गर्मी में पानी की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है इसका प्रत्यक्ष नजारा जबलपुर निवास मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत पहाड़ी खेड़ा में देखा जा सकता है जहां पर जल जीवन मिशन द्वारा पानी की टंकी बनाई गई है किंतु वह भी वर्तमान में शोपीस बनी हुई है। ग्राम पंचायत पहाड़ी खेड़ा में लगभग 3500 की आबादी निवास रतहै । इसके अलावा जानवर भी पाले हुए है।यहां पर पानी की विकराल समस्या बनी हुई है यहां पर लोगों को बड़ी मुश्किल से चार-पांच दिन में एक बार पानी मिल पा रहा है जिसके कारण लोगों को पानी की व्यवस्था में ही यहां वहां भटकना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी प्रताप पटेल, जितेंद्र पटेल ने बताया कि ग्राम पहाड़ी खेड़ा में जल जीवन मिशन द्वारा हाल ही में लाखों रुपए की लागत से पानी की टंकी बनाई गई है तथा बोर भी कराया गया है किंतु अभी तक उस टंकी में पानी नहीं भरा गया है ना ही टंकी की टेस्टिंग की गई है। अपितु विभाग द्वारा बोर में मशीन भी नहीं डाली गई है जिसकी वजह से ग्रामीणों को निजी स्रोतों और खेतों में निजी बोर की ओर अग्रसर होना पड़ रहा है ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पहाड़ी खेड़ा में हर साल पानी की समस्या गर्मी में विकराल हो जाती है जल जीवन मिशन और पीएच विभाग द्वारा भी पानी की उचित व्यवस्था ना करने के कारण लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता है वर्तमान में ग्राम में एक बोर और एक कुआं है जिससे कि पानी की सप्लाई हो रही है किंतु इतनी बड़ी आबादी में यह पानी भी बमुश्किल से लोगों के लोगों घरों में चार-पांच दिन में एक बार ही पहुंच पा रहा है। वर्तमान में पानी का जल स्तर घटता जा रहा है इसकी वजह से ग्रामीण क्षेत्र के जल स्रोत भी सूखते जा रहे हैं। विभाग द्वारा यहां पर लगभग एक महीने पहले बोरभी कराया गया है किंतु अभी तक उसे बोर में मशीन नहीं डाली गई इसकी वजह से यह पानी की समस्या और भी गंभीर हो गई है ग्रामीणों ने अभिलंब इस जयसंकट से निजात दिलाने की मांग की है अन्यथा ग्रामीण जबलपुर निवास मार्ग पर आंदोलन करने विवश होंगे।

## शौर्य यात्रा की प्रथम बैठक संपन्न

**जबलपुर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती पर 26/04/26 को आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में यात्रा को भव्यतापूर्ण सम्पन्न कराने एवं पूजन अर्चन के साथ साज सज्जा व सौहार्द का परिचय देने पर विचार हुआ। बैठक प्रदेश कार्यालय राइट टाउन में आहुत की गई। मुख्य रूप से शैलेंद्र सिंह (प्रदेश अध्यक्ष) दिलीप सिंह, श्रीमती प्रेम सिंह, सुनील सिंह चंदेल, प्रवेंद्र चौहान, रंजीत ठाकुर, पुष्पेन्द्र सिंह, सीमा सिंह (जुग्गी), शेफाली सिंह, सीमा सिंह चौहान, मेघा परमार, चंदा सिंह, माया सिंह, मालती सिंह, मुकेश सिंह, ऋषि भान सिंह, पुष्पराज सिंह, अजय राजपूत, हरीश सिंह, वासुदेव सिंह, विवेक सिंह, नागेंद्र सिंह, सतीश सिंह, सौरभ ठाकुर, पीयूष सिंह, गौरव सिंह, राहुल राजपूत एवं अन्य क्षत्रिय राजपूत सदस्य उपस्थित रहे।

## "नारी शक्ति वंदन" पखवाड़ा के समापन अवसर पर "महिलाएं एवं कानून" विषय पर व्याख्यान आयोजित

### महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान केवल कानून की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का कर्तव्य है : डॉ. आदित्य गर्ग




**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा "नारी शक्ति वंदन" पखवाड़ा के समापन अवसर पर 25/04/2026 को "महिलाएं एवं कानून" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. आदित्य गर्ग, विधि विशेषज्ञ ने महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों, विधिक संरक्षण तथा वर्तमान सामाजिक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि आधुनिक विधिक व्यवस्था ने महिलाओं को समान अधिकार प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है। महिलाओं का सशक्त होना समाज के समग्र विकास के लिए अनिवार्य है। महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान केवल कानून की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का कर्तव्य है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14,15 एवं 21 के अंतर्गत महिलाओं को प्राप्त अधिकारों पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम संयोजक प्रो. अरुण शुक्ल ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए अनेक कानून मौजूद हैं, लेकिन उनकी प्रभावशीलता तब ही सुनिश्चित होगी जब समाज में जागरूकता बढ़ेगी और महिलाएं स्वयं अपने अधिकारों के प्रति सजग होंगी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी एवं संयोजक प्रो. अरुण शुक्ल द्वारा डॉ. ज्योति जुनगरे, बबिता ठाकुर एवं कु. राधा सैनी को शाल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।



## भारतीय संस्कृति को जनमानस में व्याप्त करने आदि गुरु शंकराचार्य का महत्वपूर्ण योगदान : वैभव व्यास

**पाटन।** आदिगुरु शंकराचार्य जयंती के पावन अवसर पर शंकराचार्य व्याख्यान माला का कक्षाओं के अंतिम सत्र में आयोजित हुआ जिसमें दीप प्रज्वलन कर अतिथियों ने राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम आरम्भ किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि शंकराचार्य भारतीय संस्कृति के सबसे महान ध्वज वाहक थे मुख्य वक्ता वैभव व्यास ने शंकराचार्य के साहित्यिक सामाजिक धार्मिक कार्यों एवं जीवनी पर अपने विस्तृत विचार रखे। विकास खंड समन्वयक श्रीमति नूपुर खरे कुंवर शंकर सिंह जनकल्याण नवांकुर संस्था प्रतिनिधि रामनारायण सिंह एवं अहिंसा अक्षर फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवराज सिंह चौहान अनिता बाई जनकल्याण नवांकुर संस्था प्रतिनिधि उमाकांत यादव यादव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन परामर्श दाता रामराजा यादव स्वागत कामता प्रसाद सेन आभार श्रीमति प्रियंका जैन ने प्रस्तुत किया। प्रेरणा गीत कमल झारिया एवं जल संरक्षण की शपथ यशवन्त सेन ने दिलाई कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियो के सदस्य एवं छात्र उपस्थित रहे।

## सब जूनियर महिला अस्मिता हाकी लीग में मप्र ने आंध्र प्रदेश 6-2 से पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया

**जबलपुर।** हाकी इंडिया के तत्वावधान में एल एन आई पी ग्वालियर में आयोजित की जा रही। ५वी सब जूनियर महिला अस्मिता हाकी लीग के सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश शानदार प्रदर्शन करते हुए आंध प्रदेश को ६-२ पराजित कर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया।लोक बहादुर महासचिव हाकी की जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश एवं आंध प्रदेश के मध्य खेले गए मैच में आरंभ में एक दूसरे पर अच्छे आक्रामक किए। जिसके परिणामस्वरूप खेल के ५वे मिनट में आंध्र प्रदेश के पक्ष में एक पेनाल्टी स्ट्रोक दिया गया। जिसको मधुरिमा बाई पुजारी ने गोल में तब्दील कर आंध प्रदेश को १-० की बढ़त दिला दी। इसके तुरन्त बाद मध्य प्रदेश की अग्रिम पंक्ति द्वारा सुनियोजित तरीके से शानदार आक्रमण किए। जिसके फलस्वरूप खेल के ६वें मिनट में तन्वी ने शानदार फील्ड गोल कर टीम को १-१ की बराबरी पर ला दिया। इसके साथ ही मध्य प्रदेश ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए आंध्र प्रदेश पर पूरी तरह दबाव बनाएं रखा। जिसके परिणामस्वरूप खेल के १७वें मिनट में प्रियांशी ने एक फील्ड गोल कर २-१ बढ़त दिला दी। एवं खेल के ४२ वें मिनट में तन्वी ने एक ओर फील्ड गोल कर टीम की बढ़त ३-१ करा दी। तथा खेल के ४५वें मिनट में हिरवा पुरोहित ने गोल कर ४-१ की बढ़त दिला दी। एवं खेल के ५४ वें मिनट में तन्वी ने एक ओर फील्ड गोल कर बढ़त को ५-१ करा दिया। इसके पश्चात आंध प्रदेश की ओर से जबावी आक्रामक किए गए। जिसके परिणामस्वरूप खेल के ५७ वें मिनट में आंध प्रदेश की ओर से वैष्णवी मेडेला ने एक गोल कर बढ़त को २-५ करा दिया। इसके तुरन्त बाद मध्य प्रदेश की ओर से जवाबी आक्रमण किए गए। जिसके फलस्वरूप खेल के ५८वें मिनट में भाविका ने शानदार फील्ड गोल टीम की बढ़त ६-२ करा दी।जो खेल के अंतिम समय तक कायम रही। इस तरह मध्य प्रदेश ने ६-२ से विजय हासिल की। फाइनल मैच २८ अप्रेल को खेला जाएगा।

## फोटो जर्नलिस्ट फतेह सिंह को पुत्री शोक



**जबलपुर।** आईएनएच एवं हरिभूमि के फोटो ज़र्नलिस्ट फतेह सिंह (गुल्लू) की पुत्री सुश्री निशा सिंह 21 वर्षीय का रविवार को निधन हो गया है। सुश्री निशा सिंह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं तथा निजी अस्पताल में भर्ती थीं जहां उनका इलाज के दौरान निधन हो गया। सुश्री निशा सिंह की अंतिम यात्रा सुबह 11 बजे उनके निज निवास इंद्रा मार्केट पुल नं. 1 के पास लोको तलैया सिविल लाइंस से आज ग्वारीघाट के लिए प्रस्थान करेगी।

# अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स एवं चेस्ट सोसाइटी ऑफ जबलपुर की एनआईवी एवं ऑक्सीजन थैरेपी पर मास्टरक्लास कार्यशाला संपन्न



**जबलपुर।** अपोलो जे.बी.पी. हॉस्पिटल्स, जबलपुर के डिपार्टमेंट ऑफ पल्मोनरी क्रिटिकल केयर एंड स्लीप मेडिसिन द्वारा चेस्ट सोसाइटी ऑफ जबलपुर के सहयोग से "मास्टरक्लास एंड वर्कशॉप ऑन नॉन इनवेसिव वेंटिलेशन एंड ऑक्सीजन थैरेपी 2026" का सफल आयोजन 26 अप्रेल को किया गया। हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉ. शोभित बड़ेरिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में कोर्स डायरेक्टर डॉ. अंबरीश जोशी सीनियर कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजी, क्रिटिकल केयर एंड स्लीप मेडिसिन के नेतृत्व में "Every Breath Matters" थीम पर आधारित "एविडेंस-बेस्ड अप्रोचेज टू नॉन-इनवेसिव वेंटिलेशन एंड ऑक्सीजन थैरेपी" पर गहन चर्चा एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया।

वैज्ञानिक सत्र : विशेषज्ञों का संगम-

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे पंजीकरण के साथ हुआ। एक्यूट रेस्पिरेटरी फेलियर प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर देश के ख्यात विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए।

'क्रैश टू क्लैरिटी' रेस्पिरेटरी फेलियर के लिए व्यवस्थित दृष्टिकोण : डॉ. अंकित भाटिया। अध्यक्षता डॉ. अरविंद जैन, डॉ. दीपिका पटेल, डॉ. (प्रो.) ममता महोबिया।

'मास्क, कैनुला एंड बियॉन्ड' बेडसाइड पर सही ऑक्सीजन डिलीवरी डिवाइस का चुनाव : डॉ. श्रीकांत किशन। अध्यक्षता डॉ. हरभजन सैनी, ब्रिगेडियर (डॉ.) सत्यानंद एस.एम., डॉ. दीपक बहरानी।

'ब्रेकिंग द बैरियर' एन.आई.वी. के सिद्धांत एवं प्रैक्टिकल शुरुआत : डॉ. शुभा सिंघई। अध्यक्षता डॉ. ऋषि दावर, डॉ. (प्रो.) संजय भारती, डॉ. ब्रज बिहारी पटेल।

'टेमिंग द CO2 स्टॉर्म' एक्यूट हाइपरकैप्निक रेस्पिरेटरी फेलियर में एन.आई.वी. : डॉ. नितेश गुप्ता। अध्यक्षता डॉ. ब्रह्म प्रकाश, डॉ. परिमल स्वामी, डॉ. (प्रो.) मयंक चंसोरिया।

उद्घाटन समारोह 'द ऑक्सीजनेशन बैटल' हाइपोक्सेमिक रेस्पिरेटरी फेलियर में एन.आई.वी. : डॉ. (प्रो.) तल्हा साद। अध्यक्षता डॉ. जगन हनुमंथु, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. सत्येन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे।

'बियॉन्ड रेस्पिरेटरी फेलियर' एन.आई.वी. की उभरती भूमिका : डॉ. अमरेंद्र शुक्ला। अध्यक्षता डॉ. विपुल काले, डॉ. बर्नाडेटा, डॉ. अनुपम साहनी।

'राइडिंग द फ्लो' एच.एफ.एन.ओ.: फिजियोलॉजी, एविडेंस एवं क्लिनिकल एप्लीकेशन : डॉ. बालाजी कन्नमनी। अध्यक्षता डॉ. निधि दीक्षित, डॉ. मुद्रा खरे, डॉ. नवीन शर्मा। 'व्हेन एन.आई.वी. मिसबिहेव्स' लीक्स, एसिंक्रनी और इंटॉलरेंस की ट्रबलशूटिंग : कोर्स डायरेक्टर डॉ. अंबरीश जोशी। अध्यक्षता डॉ. अतिशय जैन, डॉ. अंकुश सिंह कोटवाल, डॉ. शबाहत अली सिद्दीकी।

हैंड्स-ऑन वर्कशॉप : प्रतिभागियों को चार विशेषज्ञ स्टेशनों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया । ऑक्सीजन डिलीवरी डिवाइसेस : डॉ. दीपक शुक्ला, डॉ. राहुल असाटी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. ऋषिकांत अहरवाल।

एच.एफ.एन.सी. : डॉ. शुभम अग्रवाल, डॉ. शेखर कुमार सिंह, डॉ. रोहित पठानिया।

एन.आई.वी. इंटरफेस : डॉ. निपुण अग्रवाल, डॉ. विकास पटेल, डॉ. स्पंदन बिस्वास।एन.आई.वी. : डॉ. पारिजात पानसे, डॉ. सत्येन्द्र मिश्रा, डॉ. हर्षित श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

कार्यशाला का समापन शाम 4:00 बजे फोटो सेशन एवं प्रमाण-पत्र वितरण के साथ हुआ। कोर्स डायरेक्टर डॉ. अंबरीश जोशी ने बताया कि "रेस्पिरेटरी फेलियर के मामलों में समय पर एन.आई.वी. और एच.एफ.एन.ओ. का सही उपयोग मरीज की जान बचा सकता है। इस मास्टरक्लास का उद्देश्य चिकित्सकों को बेडसाइड निर्णय लेने एवं तकनीकी ट्रबलशूटिंग में दक्ष बनाना था। जबलपुर में इस स्तर का अकादमिक आयोजन महाकोशल क्षेत्र में क्रिटिकल केयर की गुणवत्ता को नई दिशा देगा।"

आयोजक डिपार्टमेंट ऑफ पल्मोनरी क्रिटिकल केयर एंड स्लीप मेडिसिन, अपोलो जे.बी.पी. हॉस्पिटल्स एवं चेस्ट सोसाइटी ऑफ जबलपुर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सभी परिवार स्व गणना में करें सहयोग : जयश्री

## नगरीय क्षेत्र का तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**सिहोरा।** जनगणना कार्य निदेशालय के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वार्ड क्रमांक 11 स्थित सामुदायिक भवन नगरीय क्षेत्र सिहोरा में चार्ज अधिकारी जनगणना जयश्री चौहान के मार्गदर्शन में फील्ड ट्रेनर संदीप कुमार तिवारी एवं अखिलेश मांझी की उपस्थिति में आयोजित किया गया।चार्ज अधिकारी श्रीमती चौहान प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों कि उपस्थिति में नगर के समस्त परिवारों से अपील कि गई है कि वे 30 अप्रेल तक ऑनलाइन के माध्यम से स्व गणना करनें में सहयोग करें प्रशिक्षण की कार्य व्यवस्था में सुशील वर्मा जनगणना प्रभारी के साथ रवि बर्मन,संतोष तिवारी,गगन, पटेल,राहुल ठाकुर, संदीप, आनंद नामदेव,अनिकेत तिवारी,सुखचैन दाहिया,कीर्ति बर्मन,हिमांशु आदि शामिल रहे।



**डॉक्टर पीएल भल्ला** – जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ पीएल भल्ला का देवलोक गमन हो गया है। वे भल्ला ज्वेलर्स के संचालक राजीव भल्ला व नीना खत्री के पिता, रौनक, रक्षक के दादा, शुभम् व अंजली के नाना थे। उनका अंतिम संस्कार हाथीताल मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सत्य नारायण राय-** कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री सत्य नारायण राय (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती छाया सेठी-** प्रेमनगर गुरूद्वारा के पास मदनमहल निवासी श्री दिलीप सेठी की धर्मपत्नी श्रीमती छाया सेठी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती पार्वती राजपूत-** वाजपेयी कम्पाउंड सदर निवासी श्री सुंदर सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती राजपूत (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अर्चना बाई सतनामी-** गंगासागर गढ़ा रोड निवासी श्री राजकुमार सतनामी की धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना बाई सतनामी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती राधा वडालकर-** श्री परिसर शाहीनाका गढ़ा निवासी श्री मोहन वडलाकर की धर्मपत्नी श्रीमती राधा वडालकर (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय कुमार चौबे-** दक्षिण मिलौनीगंज बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री विजय कुमार चौबे (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला शर्मा-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री केश्वर शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कमला शर्मा (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बद्री प्रसाद-** कालीमठ




आमनपुर मदनमहल निवासी श्री बद्री प्रसाद (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सत्य नारायण कुशवाहा-** पुरानी पीपी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री राम प्रसाद कुशवाहा के पुत्र श्री सत्य नारायण कुशवाहा (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ननका बाई बंसल-** प्रेमसागर साहू मोहल्ला निवासी श्री कल्लू बंसल की धर्मपत्नी श्रीमती ननका बाई बंसल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कैलाश चंद्र-** ग्राम रैपुरा तहसील पन्ना निवासी श्री कैलाश चंद्र (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंभू पटेल-** रानी दुर्गावती नगर फेस 1 तिलहरी निवासी श्री शंभू पटेल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मोहन लाल यादव-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री मोहन लाल यादव (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ब्रह्मदेव दुबे-** सुहागी अधारताल निवासी श्री ब्रह्मदेव दुबे (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**कु. मुस्कान झारिया-** मानेगांव चंपानगर रांझी निवासी श्री नंद किशोर झारिया की पुत्री कु. मुस्कान झारिया (22) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक तिवारी-** सिहोरा बायपास निवासी श्री रामशरण तिवारी के पुत्र श्री दीपक तिवारी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दशरथ झारिया-** नर्मदा नगर पोलीपाथर निवासी श्री दशरथ झारिया (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज़ :- 10x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज़ :- 10x4 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज़ 10x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग :- 9303508294, 9407362160


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : 66/1, औद्योगिक क्षेत्र, रिछाई जिला जबलपुर
मो. 9479623424, 9340637789

**भाजपा ने जबलपुर महानगर के सभी 1041 बूथों में सुना प्रधानमंत्री के मन की बात का 133वां संस्करण**

# भारत ने विज्ञान को माना है विकास का हथियार



**जबलपुर।** प्रतिमाह के अंतिम रविवार को आयोजित प्रधानमंत्री के मन की बात के कार्यक्रम को भाजपा जबलपुर के सभी 1041 बूथों में समस्त पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ताओं एवं आम जनों द्वारा सुना गया।प्रधानमंत्री के ''मन की बात'' कार्यक्रम को सांसद श्री आशीष दुबे ने उत्तर विधानसभा के आचार्य श्री विद्यासागर मंडल में, जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने पूर्व विधानसभा के मुखर्जी मंडल में, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीक ने चन्द्रशेखर आजाद मंडल में, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने स्वामी विवेकानंद मंडल अंतर्गत भाजपा कार्यालय में, विधायक अशोक रोहाणी ने अटलबिहारी बाजपेई मंडल में, महामंत्री पंकज दुबे, रंजीत पटेल ने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 133वें एपिसोड में अपने संबोधन में कहा कि भारत ने हमेशा विज्ञान को विकास का हथियार माना है और आज वैज्ञानिकों की मेहनत से देश का अंतरिक्ष कार्यक्रम नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जो राष्ट्र निर्माण की रीढ़ बन चुका है।भारत ने हमेशा विज्ञान को केवल शोध तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे देश के विकास और जनकल्याण से जोड़कर आगे बढ़ाया है। कार्यक्रम में उन्होंने विज्ञान आधारित सोच, नवाचार और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हो रहे प्रयासों को भी रेखांकित किया। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले देश के परमाणु वैज्ञानिकों ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है, जिससे पूरे देश को गर्व हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि मई का महीना एक शुभ अवसर के साथ शुरू हो रहा है और कुछ ही दिनों में पूरे देश में बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाएगी। पीएम मोदी ने देशवासियों को इस पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।उन्होंने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध का जीवन संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना पहले था। बुद्ध ने सिखाया कि शांति की शुरुआत सबसे पहले अपने भीतर से होती है। पीएम मोदी ने बताया कि बुद्ध का यह भी संदेश है कि खुद पर विजय पाना ही सबसे बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि आज जब दुनिया तनाव और संघर्ष के दौर से गुजर रही है, ऐसे समय में बुद्ध के विचार और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाते हैं और समाज को सही दिशा दिखाते हैं।



## सिंहस्थ-2028 के कार्यों की चरणबद्ध और समयबद्ध मॉनिटरिंग करें : एमडी सुनील तिवारी

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने मुख्यालय जबलपुर में आयोजित कंपनी की समीक्षा बैठक में सिंहस्थ-2028 से संबंधित विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने उज्जैन क्षेत्र के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य पी.ई.आर.टी. चार्ट के अनुसार चरणबद्ध एवं समयबद्ध ढंग से मॉनिटर किए जाएं। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 जैसा विशाल आयोजन प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए इसकी तैयारियों में समयबद्धता और विभागों के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक कार्य की चरणबद्ध प्रगति, निर्धारित समय-सीमा तथा उत्तरदायित्वों का स्पष्ट निर्धारण किया जाए, ताकि सभी कार्य आयोजन से एक वर्ष पूर्व पूर्ण किए जा सकें।प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए तथा संभावित बाधाओं की पूर्व पहचान कर समय रहते उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन पर भी विशेष जोर दिया। बैठक में अधिकारियों द्वारा विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की गई, जिस पर प्रबंध संचालक ने निर्धारित लक्ष्यों से पूर्व कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक मे कंपनी के सभी मुख्य अभियंताओं सहित प्रदेश के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## हेड एंड नेक कैंसर एवं लंग कैंसर कॉन्फ्रेंस संपन्न

**जबलपुर।** होटल आईटीसी वेलकम में रविवार 26 अप्रैल को हेड एंड नेक कैंसर एवं लंग कैंसर कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. आशीष गुप्ता एवं सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. प्रशांत जैन द्वारा किया गया। इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य सिर एवं गले के कैंसर तथा फेफड़ों के कैंसर के प्रारंभिक अवस्था में निदान, विभिन्न अवस्थाओं में उपलब्ध उन्नत उपचार विधियों, आधुनिक शल्य क्रियाओं, टारगेटेड थैरेपी एवं इम्यूनोथैरेपी के बारे में चिकित्सकों को अद्यतन जानकारी प्रदान करना था। साथ ही, उपस्थित चिकित्सकों को कैंसर की शुरुआती पहचान एवं नवीनतम उपचार तकनीकों के प्रति जागरूक करना भी इस कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य रहा। इस अवसर पर देशभर से ख्याति प्राप्त विशेषज्ञों ने भाग लिया। प्रमुख वक्ताओं में मुंबई के टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के पूर्व निदेशक एवं विश्वविख्यात हेड एंड नेक कैंसर विशेषज्ञ डॉ. अनिल डी क्रूज, नागपुर से ईएनटी सर्जन डॉ. मदन कापरे, बेंगलुरु से डॉ. रविंद्र पद्माकर देव, नासिक से मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. शैलेश बॉन्डेड, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल की रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट एवं प्रोफेसर डॉ. शर्बानी लश्कर, नागपुर से मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. मुकेश बंक, इंदौर से मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सुमित लोकवाणी तथा अन्य विशेषज्ञ शामिल रहे।

# जबलपुर हॉस्पिटल में हुई लेप्रोस्कॉपी पर कार्यशाला




**जबलपुर।** जबलपुर हॉस्पिटल एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ संघ के संयुक्त तत्वावधान में स्त्री रोग से संबंधित लेप्रोस्कॉपी विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सकों, विशेषज्ञों एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े नवीनतम उपचार, तकनीकों एवं शोध पर चर्चा करना रहा। कार्यक्रम में उच्च जोखिम लेप्रोस्कोपिक सर्जरी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने अनुभव एवं नवीन शोध साझा किए, जिससे उपस्थित चिकित्सकों एवं विद्यार्थियों को नवीन जानकारियाँ प्राप्त हुईं। कार्यक्रम के दौरान संवादात्मक सत्र भी आयोजित किए गए, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने प्रश्न रखे और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। आयोजकों में से डॉ. प्रज्ञा धीरवाणी ने इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सतत चिकित्सा शिक्षा (कंटीन्यूअस मेडिकल एजुकेशन) से चिकित्सकों के ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि होती है, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सकता है। कार्यक्रम का उद्‌घाटन पूर्व डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर डॉ. शशि खरे मैडम ने किया, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. गीता हुईं, डॉ. राजेश धीरावानी, डॉ. अरविंद लेले, डॉ. प्रोफ़ेसर धनंजय शर्मा उपस्थित रहे। डॉ. शिंजनी पांडे एवं डॉ. देवकृति धीरावानी ने लेप्रोस्कॉपी की कठिन बारीकियों से सभी चिकित्सको को अवगत कराया। कार्यशाला में डॉ. संगीता श्रीवास्तव, डॉ. अर्चना श्रीवास्तव, डॉ. दीपांकर बनर्जी, डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. मानिक पांसे, डॉ. निधि बजाज, डॉ. कटियार आदि उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन डॉ. दीप्ति गुप्ता और डॉ. श्रुति श्रीवास्तव ने किया। सम्मेलन का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।



## झारिया समाज के 7 जोड़ा दहेजरहित आदर्श विवाह सम्पन्न

**जबलपुर।** झारिया कल्याण संघ जबलपुर के तत्वावधान में समाज का वार्षिक सामाजिक सम्मेलन मानस भवन, जबलपुर में 26.04.2026 को सम्पन्न हुआ। सम्मेलन के दौरान निःशुल्क दहेजरहित सात जोड़ों का आदर्श विवाह सम्पन्न कराया गया, वहीं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण लगभग 70 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने पर डॉ. पारूल मेहरा का विशेष सम्मान किया गया। लगभग 40 विवाह योग्य युवक-युवतियों ने अपना परिचय मंच से दिया। सम्मेलन में देश के कोने-कोने से लगभग 900 स्वजातीय बंधु उपस्थित हुए। इस अवसर पर मझौली की समाज की आर्केस्ट्रा पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।सम्मेलन को सफल बनाने में संघ के डॉ. एन.पी. झारिया, गणेश सिंह झारिया, संतोष मेहरा, मथुरा प्रसाद झारिया, भगवत प्रसाद झारिया, भीकम झारिया, अमित मेहरा, डॉ. आर.एम. झारिया, देवदत्त झारिया, रामस्वरूप झारिया, रामेश्वर मेहरा, संतोष झारिया, हरी मेहरा, रतन झारिया, चन्द्रप्रकाश झारिया, सुनील झारिया, अशोक झारिया, नीलकमल झारिया, दीपक झारिया, देवा झारिया, गोलू झारिया, दुर्गा झारिया का विशेष सहयोग मिला। मंच संचालन भीकम झारिया द्वारा एवं आभार प्रदर्शन मथुरा प्रसाद झारिया द्वारा किया गया।

### अंतस गीत संगीत कार्यक्रम 28 को

**जबलपुर।** अंतस संस्था के द्वारा आयोजित अंतस गीत संगीत कार्यक्रम शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में 28 अप्रैल 2026 को सायं 6:30 बजे से आयोजित है। श्रोताओं से उपस्थिति का आग्रह आयोजकों ने किया है।

## रजत गणेश मंदिर में भगवान कृष्ण और राम जन्मोत्सव की रही धूम, उल्लास से झूम उठे भक्त



**जबलपुर।** रजत गणेश मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भक्ति और आनंद का अनूठा संगम देखने को मिला। आज 26 अप्रेल का दिन प्रभु श्री कृष्ण और भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के पावन प्रसंगों को समर्पित रहा। उमेश पिल्लई पूर्व इनकम टैक्स कमिश्नर, पवन शर्मा पूर्व लोकायुक्त, राजेश बिलैया सनातन धर्म चिंतक ने महाराज इंद्रभानु महाराज को डॉ. रवि राय द्वारा लिखित अभिनंदन पत्र वाचन कर भेंट किया। इस अवसर पर भजनों की धुन पर श्रद्धालु इस कदर भावविभोर हुए कि पूरा पंडाल खुशी और उल्लास से भर गया और भक्त झूमने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम की भव्यता देखते ही बन रही थी। मंदिर के महंत प्रमोद महाराज ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद वचन कहे और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान सभी भक्तों ने 'गुरु माता' (महंत की पत्नी) का शॉल और श्रीफल भेंट कर आदरपूर्वक स्वागत कल्पना राय और मीना चौहान ने अभिनंदन किया। कथा के दौरान कृष्ण जन्म और राम जन्म के प्रसंगों को बड़ी ही भव्यता के साथ जीवंत किया गया। इस अवसर पर दामिनी पांधी, डॉ. रवि राय, सुरेश शारदा, रीना शारदा, राजेश चौहान, मीना चौहान, अंजू कर, एमएल अहिरवार, गीता अहिरवार, डॉक्टर कल्पना राय, पीसी पहूजा, पवन शर्मा, उमेश पिल्लई आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## सांसद दुष्यंत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर स्टेशन पर गरबा एक्सप्रेस के ठहराव का शुभारंभ किया

**जबलपुर।** रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल अंतर्गत भवानी मंडी स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12937/12938 गांधीधाम-हावड़ा-गांधीधाम गरबा एक्सप्रेस को नया ठहराव प्रदान किया गया है। 26 अप्रेल को सांसद (झालावाड़-बारां) दुष्यंत सिंह ने भवानी मंडी स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12937 गांधीधाम-हावड़ा गरबा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर इस ठहराव का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में विधायक (डग) कालूराम मेघवाल, क्षेत्र के जन प्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं यात्रियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। रेल प्रशासन की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार मित्तल,वरिष्ठ रेल अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**गरबा एक्सप्रेस के भवानी मंडी ठहराव का विवरण-**

गाड़ी संख्या 12937 गांधीधाम-हावड़ा गरबा एक्सप्रेस 26.04.2026 से अग्रिम आदेश तक भवानी मंडी स्टेशन पर 07.38 बजे पहुँचकर 07.40 बजे गंतव्य के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 12938 हावड़ा-गांधीधाम गरबा एक्सप्रेस 29.04.2026 से अग्रिम आदेश तक भवानी मंडी स्टेशन पर 00.28 बजे पहुँचकर 00.30 बजे गंतव्य के लिए प्रस्थान करेगी। इस ठहराव से भवानी मंडी क्षेत्र के यात्रियों को गुजरात (गांधीधाम) एवं पश्चिम बंगाल (हावड़ा) तक सीधी रेल सुविधा उपलब्ध होगी।



## धुआंधार में गूंजा स्वच्छता का संदेश, विशाल अभियान में जुटे श्रद्धालु

**भेड़ाघाट के जलप्रपात क्षेत्र में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

**जबलपुर।** रविवार को भेड़ाघाट स्थित विश्व प्रसिद्ध धुआंधार जलप्रपात क्षेत्र में एक भव्य स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान सनातन सर्वोपरि संघ, थैलेसीमिया जन जागरण समिति एवं हम हैं न फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र को स्वच्छ बनाना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा मां नर्मदा के तट की पवित्रता को बनाए रखना रहा।सुबह से ही बड़ी संख्या में समाजसेवी, युवा, स्थानीय नागरिक एवं नर्मदा भक्त अभियान में शामिल हुए। सभी ने मिलकर धुआंधार क्षेत्र एवं आसपास के घाटों पर फैले कचरे को एकत्र कर साफ-सफाई की। इस दौरान प्लास्टिक, पॉलिथीन एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया गया। आयोजकों ने बताया कि मां नर्मदा केवल एक नदी नहीं, बल्कि आस्था और जीवन का आधार हैं, इसलिए उनकी स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि पर्यटन स्थलों पर गंदगी न फैलाएं और स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं। अभियान के दौरान पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर जागरूकता संदेश भी दिए गए। उपस्थितजनों ने संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी ऐसे अभियानों में भाग लेकर समाज को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करेंगे।



## आईईसी टीम ने एल्गिन हॉस्पिटल की नर्सिंग छात्राओं एवं स्टाफ का सिटीजन फीडबैक लिया

**जबलपुर।** शहर की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार एवं स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने के उद्धेश्य से सिटीजन फीडबैक अभियान आयोजित किया गया। अभियान का मुख्य उद्धेश्य अधिक से अधिक नागरिक सहभागिता सुनिश्चित करना तथा शहर को स्वच्छता रैंकिंग में अग्रणी स्थान पर लाना रहा।अभियान के दौरान नर्सिंग छात्राओं एवं स्टाफ से स्वच्छता व्यवस्था, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, कचरे का पृथकीकरण, सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता एवं नगर निगम द्वारा दी जा रही सेवाओं के संबंध में विस्तृत फीडबैक प्राप्त किया गया। प्राप्त सभी फीडबैक को नियमानुसार संकलित कर डिजिटल पोर्टल पर अपलोड किया गया। इस अवसर पर यह संकल्प लिया गया कि जबलपुर शहर को स्वच्छता रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान दिलाने के लिए निरंतर जनभागीदारी एवं फीडबैक अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश दिया गया कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी एवं निरंतर सहयोग से ही जबलपुर को स्वच्छ, सुंदर एवं देश में प्रथम स्थान पर लाने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

**श्री रामलीला समिति गढ़ा की वार्षिक आमसभा संपन्न**

# नई कार्यकारिणी गठित, राजेश मिश्रा अध्यक्ष एवं अरुण दीक्षित बने महामंत्री



**जबलपुर।** श्री रामलीला समिति गढ़ा की वार्षिक आमसभा की बैठक सिद्ध मंच गढ़ा रामलीला मैदान में सांय 6 बजे आयोजित की गई। बैठक समिति के संचालक पंडित अशोक मनोध्याय के मार्गदर्शन में तथा नगर पंडित महासभा के अध्यक्ष रमेश दुबे एवं उपाध्यक्ष अशोक पांडे की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारी, स्थायी, आजीवन एवं कार्यकारिणी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत महामंत्री लोकराम कोरी द्वारा वर्ष 2025-26 का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत करने से हुई, जिसे उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से पारित किया। इसके पश्चात पूर्व कार्यकारिणी को भंग कर चुनाव अधिकारी संजय तिवारी द्वारा आगामी दो वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से राजेश मिश्रा को अध्यक्ष एवं अरुण दीक्षित को महामंत्री निर्वाचित किया गया। इसके साथ ही अनीता मिश्रा, भोलाराम खत्री, अशोक सिंह बघेल एवं लोकराम कोरी को उपाध्यक्ष, कैलाश नेमा को कोषाध्यक्ष तथा राजेश नेमा एवं इंदुलता प्यासी को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। शेष कार्यकारिणी के गठन हेतु अध्यक्ष एवं महामंत्री को अधिकृत किया गया। बैठक में तीन स्थायी एवं 26 आजीवन सदस्यों की घोषणा भी की गई। केदारनाथ शर्मा, विजय नेमा एवं अशोक बघेल को स्थायी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। इस दौरान संचालक पंडित अशोक मनोध्याय ने जनवरी माह में श्री राम यज्ञ एवं श्रीराम कथा के आयोजन का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने रामलीला के नवनिर्मित कक्ष के निर्माण हेतु लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नव-निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी और सभी से रामकार्य में समर्पित भाव से जुटने का आह्वान किया।